भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1975
(दिनांक 12.02.2021 को उत्तर देने के लिए)

डिजिटल कैलेंडर

1975. श्री पोचा ब्रह्मानंद रेड्डी:
श्री कुरुवा गोरांतला माधवः
श्रीमती चिंता अनुराधा:

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने भारत सरकार के डिजिटल कैलेन्डर और डायरी के लिए एक मोबाइल एप लान्च किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या एप में सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों और घटनाक्रम की जानकारी होगी; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन; सूचना और प्रसारण तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रकाश जावडेकर)

(क) और (ख): सरकार ने एक डिजिटल कैलेंडर और डायरी एप लांच किया है जो “जीओआई कैलेंडर” के नाम से गूगल प्लेस्टोर और आईओएस प्लेस्टोर दोनों पर डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध है। डिजिटल कैलेंडर और डायरी वेबसाइट https://www.goicalendar.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

(ग) और (घ): सरकारी स्कीमों और कार्यक्रमों की सूचना “महत्वपूर्ण तिथियों की सूची” के टैब के तहत देखी जा सकती है जिसमें 53 स्कीमों और कार्यक्रमों की सूची उनके लॉन्च करने की तिथि के साथ है। इसके अलावा, कैलेंडर एप में प्रतिमाह विभिन्न सरकारी स्कीमों और कार्यक्रमों से संबंधित सूचना वाले मिशन के साथ समर्पित है।

****